समाचार

# एस.एल.आर.एम.सेंटर के बाहर गदंगी देख भड़के महापौर

## (अधिकारियों व सेंटर के सुपरवाईजर को लगाई फटकार, साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के दिए निर्देश)



कोरबा 11 अगस्त 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद आज वार्ड क्र. 20 फलोद्यान के पीछे स्थित एस.एल. आर.एम.सेंटर के बाहर गदंगी को देखकर भड़क उठे, उन्होने स्वच्छता अधिकारियों एवं सेंटर के सुपरवाईजर को फटकार लगाई तथा तुरंत साफ–सफाई कराने, कचरे को व्यवस्थित करने एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरूस्त करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि सेंटर के आसपास गदंगी का जमाव न हों, पूरी स्वच्छता बनी रहें, व्यवस्थाएं दुरूस्त रहें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

महापौर श्री प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 20 में फलोद्यान के पीछे स्थित एस.एल.आर.सेंटर का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने वार्ड के नागरिकों से सेंटर के कार्यो तथा कचरा निष्पादन के संबंध में चर्चा करते हुए साफ–सफाई कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने एस.एल.आर.एम.सेंटर के बाहरी परिसर एवं आंतरिक व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया, सेंटर के बाहरी परिसर में गदंगी का जमाव व कचरे की डम्पिंग देखकर उन्होने गहरी नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों एंव सेंटर सुपरवाईजर को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कार्य कराने, कचरे को व्यवस्थित करने तथा सेंटर की बाहरी व आंतरिक व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करने के कड़े निर्देश दिए। महापौर श्री प्रसाद ने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कर सेंटर में लाए गए अपशिष्ट का उचित प्रबंधन निर्धारित प्रतिमानों के अनुरूप करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि भविष्य में सेंटर के आसपास के परिसर में गदंगी व अव्यवस्था की स्थिति न बनें। उन्होने कहा कि भविष्य में ऐसी शिकायतें पाए जाने पर जवाबदारी तय की जाएगी तथा जिम्मेदार पर कार्यवाही होगी।

**डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य बेहतर रूप से करें**– महापौर श्री प्रसाद ने निगम द्वारा कराए जा रहे डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य के संबंध में उपस्थित नागरिकों से चर्चा की तथा उनसे पूछा कि कचरा लेने के लिए नियमित रूप से रिक्शा घर–घर पहुंच रहा है या नहीं, बस्तीवासियों ने बताया कि रिक्शा नियमित रूप से आ रहा है किन्तु कचरा संग्रहित करते–करते यदि रिक्शा भर जाता है और कुछ घर कचरा संग्रहण से छूट जाते हैं तो पुनः दोबारा उन घरों में रिक्शा आना चाहिए। महापौर श्री प्रसाद ने नागरिकों की उक्त बात से सहमति जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि डोर–टू–डोर कचरा लेने में कोई भी घर छूटने न पाए, यह सुनिश्चित करें तथा तदानुसार व्यवस्था निश्चित कराएं। उन्होने कहा कि शहर को साफ–सुथरा रखने में डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इस कार्य को बेहतर स्वरूप में संपादित कराया जाना चाहिए।

**स्वच्छता दीदियों से भेंटकर कार्यो पर की चर्चा**– इस दौरान महापौर श्री प्रसाद ने उक्त एस.एल.आर.एम.सेंटर में कार्य करने वाली व डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों से भी भेंटकर उनसे उनके कार्यो पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने संग्रहित कर लाए गए अपशिष्ट के पृथकीकरण एवं उसके प्रबंधन संबंधी कार्यो व व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या तो उपस्थित नहीं हो रही है, आदि की भी जानकारी ली तथा कार्यो के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन किया।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुखसागर निर्मलकर, पार्षद नारायण दास महंत, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, बी.एन.सिंह आदि के साथ वार्ड के नागरिकगण एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।